<u>प्रेसनोट दिनांक 05.04.2025</u>
<u>जनपद बरेली।</u>

<u>जनपद बरेली पुलिस द्वारा आम जनमानस के गुम/खोये हुए 202 मोबाईल फोन (कीमत करीब 40 लाख रूपये) बरामद कर मोबाईल स्वामियों के सुपुर्द किया गया।</u>

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली महोदय के दिशा-निर्देशन में जनपद बरेली में प्रत्येक माह गुम हुये मोबाईल फोनों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस के गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुँचाना है । उक्त निर्देशों के अनुपालन में संबंधित अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में **जनपद बरेली के अधीनस्थ थानों पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटरों एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा CEIR (Central equipment identity register) पोर्टल, तकनीकी सहयोग के साथ-साथ पुलिस कार्मिकों के सतत प्रयासों के माध्यम से कुल 202 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए । बरामद किए गए मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये है।**

आज दिनांक 05.04.2025 को बरामद मोबाइल फोनों को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित रविन्द्रालय में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर, बरेली एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, बरेली द्वारा उनके असली स्वामियों को सौंपा गया। मोबाइल प्राप्त करते समय नागरिकों के चेहरों पर प्रसन्नता और पुलिस के प्रति आभार स्पष्ट रूप से देखा गया ।

<u>थानावार बरामदगी का विवरण -</u>

क्र0सं0	**नाम थाना**	**बरामद मोबाईल की सं0**	**क्र0सं0**	**नाम थाना**	**बरामद मोबाईल की सं0**
1	सर्विलांस सेल	28	16	सुभाषनगर	5
2	इज्जतनगर	16	17	फरीदपुर	5
3	सीबीगंज	15	18	प्रेम नगर	5
4	भमौरा	14	19	मीरगंज	5
5	बारादरी	12	20	शीशगढ़	5
6	कोतवाली	10	21	फतेहगंज वेस्ट	4
7	किला	10	22	बिथरी चैनपुर	4
8	कैण्ट	9	23	विशारत गंज	4
9	आंवला	8	24	हाफिजगंज	4
10	शेरगढ़	7	25	भुता	3
11	नवाबगंज	7	26	फतेहगंज ईस्ट	3
12	भोजीपुरा	6	27	सिरौली	2
14	बहेड़ी	5	28	अलीगंज	1
15	शाही	5	**कुल योग**		**202**

- इस उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली द्वारा **इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कार्मिकों 01. थाना सीबीगंज पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सोहेल खां, 02. थाना भमौरा पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नाजिम हुसैन, 03. थाना विशारतगंज पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर शिवप्रसाद, 04. थाना फतेहगंज पूर्वी पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर जतिन सक्सेना तथा थाना शरेगढ पर नियुक्त क0आ0 मयूर को 01-01 हजार रूपये व प्रशस्ति पत्र तथा थाना सुभाषनगर पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सन्दीप एवं शीशगढ़ पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुराग को प्रशस्ति पत्र** प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया है। यह सम्मान पुलिसकर्मियों के मनोबल को और अधिक बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा हेतु प्रेरित करता रहेगा ।

- श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना किला, बारादरी, मीरगंज, अलीगंज, भुता, फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, देवरनियां, एवं थाना हाफिजगंज पर नियुक्त संबंधित कर्मचारियों का कार्यवाही में सन्तोषजनक प्रदर्शन न करने पर अर्दली रूम किया गया है।

जनपद बरेली पुलिस आम जनमानस को यह विश्वास दिलाती है कि इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।